TS Suites Seminyak

from ₹26,951

Jamshedpur Today News:आधुनिक पावर ने यक्ष्मा रोगियों को पौष्टिक आहार बांट किया जागरूक

By **News Desk** On **Jan 6, 2023**

झारखंड TOP STORIES जमशेदपुर

This website uses cookies to improve your experience. We'll assume you're ok with this, but you can opt-out if you wish. Accept Read More

जमशेदपुर।

सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पांच गांव के 20 यक्ष्मा रोगियों को पौष्टिक आहार बांट कर रोग के प्रति जागरूक भी किया।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, गम्हरिया में आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, पदमपुर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यक्ष्मा पीड़ितों को
पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। साथ ही यक्ष्मा रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया ताकि रोगी समय-समय पर अपना उपचार कराएं व पौष्टिक आहार का सेवन कर जल्द से जल्द रोगमुक्त होकर स्वास्थ्य जीवन व्यतीत कर सकें। लाभान्वित होने वाले रोगियों को दुग्धा, जसपुर, रपचा, डुमरा व कांड्रा से चिन्हित किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए आधुनिक पावर के मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार सोनी और झारखण्ड राज्य टीबी उन्मूलन के सलाहकार दिवाकर शर्मा ने पोष्टिक आहार पैकेट में मौजूद ओट्स, दलिया, चना व मल्टीविटामिन्स की संतुलित मात्रा एवं उपयोग की जानकारी दी ताकि मरीज अपने घर पर संतुलित मात्रा में पोषण आहार ले सकें।

जिला बाल स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अजय कुमार व स्वास्थ केंद्र प्रभारी, डॉ. प्रमिला कुमारी ने बताया कि पौष्टिक आहार में प्रोटीन मिनरल, न्यूट्रिएंट्स एवं विटामिन रहता है। सेवन करने से रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ती है इससे जल्द ही रोग से मुक्ति पाई जा सकती है। जिला प्रोग्राम मैनेजर निर्मल दास व प्रोग्राम मैनेजर सुजीत कुमार ने मरीजों को क्षय रोग के प्रारंभिक लक्षण, रोकथाम व उपचार के बारे में बताया। समय पर दवाइयां व पोषण आहार लेने से होने वाले लाभों को बताया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण व धन्यवाद ज्ञापन आधुनिक पावर के सीएसआर प्रमुख संजीत सिन्हा ने दिया।

This website uses cookies to improve your experience. We'll assume you're ok with this, but you can opt-out if you wish. Accept Read More

13:02 JAMSHDPUR TODAY NEWS :टाटा स्टील ने कोक प्ल

Good morning Green City | Good morning jamshedpur | jamshedpur | Jamshedpur breaking | jamshedpur green city | jamshedpur news | jamshedpur news in Hindi | Jamshedpur news Jamshedpur Samachar

Bihar Jharkhand NEWS NETWORK

News Desk

- 28700 Posts - 1 Comments

Comments are closed.

© 2023 - Bihar Jharkhand News Network. All Rights Reserved. Website Design: MicroValley Infotech Pvt. Ltd.

This website uses cookies to improve your experience. We'll assume you're ok with this, but you can opt-out if you wish. Accept Read More

13:02 JAMSHDPUR TODAY NEWS :टाटा स्टील ने कोक प्ल